क्विक रीड

कोर्ट ने पुलिस निरीक्षक को भेजा जेल, दो घंटे में जमानत

बाड़मेर (पंजाब केसरी): कोर्ट में गवाही के लिए बुलाए जाने के बावजूद पेश नहीं होने वाले पाली के खिंवाड़ा थाने के सीआई उगमराज सोनी को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक

मजिस्ट्रेट-2 ने जेल भेजने के आदेश दिए। ऐसे में, करीब 2 घंटे हिरासत में रहने के बाद पुलिस अधिकारी के वकील ने माफी और जमानत याचिका लगाई। इसके बाद उन्होंने गवाह के रूप में जमानत दी तब जाकर रिहा हुए। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-2 बाड़मेर के तलब करने के बावजूद सीआई करीब 10 से ज्यादा बार नहीं आए थे। इसके बाद कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट भी निकाला था। उन्हें 10 साल पुराने मामलों के निपटारे के लिए गवाही देनी थी। बाड़मेर के ही दो सीआई ने कोर्ट में गवाह बन कर उनकी जमानत पर हस्ताक्षर किए।

गेर मेला का आयोजन आज

शिवगंज(पंजाब केसरी):रंगपंचमी के अवसर पर रविवार को नगर के आखरिया चौक स्थित सारणेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में हर वर्ष की तरह इस बार भी गेर मेले का आयोजन किया जाएगा। श्री सारणेश्वर महादेव सेवा संस्थान के तत्वावधान में होने वाला यह आयोजन वर्षों पुरानी परंपरा को आज भी जीवंत बनाए हुए है। संस्थान के सचिव माणक प्रजापत ने बताया कि रात्रिकालीन गेर आयोजन शाम 7.30 बजे प्रारंभ होकर रात 10 बजे तक चलेगा। इस दौरान नगर के विभिन्न क्षेत्रों से सर्व समाज के गैरिये पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-थाली की ताल पर गैर नृत्य प्रस्तुत करेंगे।

एनडब्ल्यूआरईयू के महामंत्री आज जोधपुर आएंगे

जोधपुर(पंजाब केसरी):एआईआरएफ के महामन्त्री शिवगोपाल मिश्र रविवार को सुबह जोधपुर आएंगे। एनडब्ल्यूआरईयू के मण्डल सचिव मनोज कुमार परिहार ने बताया कि जोधपुर आगमन पर शिवगोपाल मिश्र का अभिनन्दन करते हुए यूनियन के मण्डल कार्यालय में लाया जाएगा। मिश्र अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कार्यक्रम में भाग लें। साथ ही यूनियन को आवंटित नये मण्डल कार्यालय का उद्घाटन भी करेंगे। इस अवसर पर एआईआरएफ की राष्ट्रीय कनवेनर प्रवीणा सिंह भी मौजूद रहेगी। वहीं एनडब्ल्यूआरईयू के महामंत्री मुकेश माथुर भी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जोधपुर आएंगे।

भाजपा नेता चौहान का स्वागत

आबू रोड (पंजाब केसरी): राजस्थान भाजपा की

नवघोषित प्रदेश कार्यकारिणी में सिरोही जिले के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह चौहान को सदस्य मनोनीत किए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा घोषित कार्यकारिणी में चौहान को स्थान मिलने पर भाजपा पदाधिकारियों और समर्थकों ने साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर तथा मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह, पार्षद अमर सिंह भाटी, ओबीसी प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष निखिल कुमावत, पूर्व जिला महामंत्री शैलेष अवस्थी, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सतीश अग्रवाल और पूर्व प्रधान दिलीप सिंह सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भजन संध्या आज

आबू रोड(पंजाब केसरी): पुरानी बड़ी सब्जी मंडी स्थित प्राचीन श्री शीतला माता मंदिर में आठ मार्च को 33वीं भजन संध्या का आयोजन श्री शीतला माता व्यवस्था समिति के तत्वावधान में होगा। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से होगी, जिसमें प्रदीप सक्सेना एडवोकेट परिवार द्वारा ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर में अभिषेक व श्रृंगार होगा तथा शाम 7:30 बजे महाआरती आयोजित की जाएगी।

विधानसभाध्यक्ष आज आएंगे

जोधपुर (पंजाब केसरी): राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को जोधपुर के संक्षिप्त प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार देवनानी रविवार को शाम 4.30 बजे वाया ब्यावर, जैतारण जोधपुर पहुंचेंगे। वे काजरी अंतरराष्ट्रीय सभागार में आयोजित संगठन शिल्पी प्राध्यापक यशवंत राव केलकर के जन्मशताब्दी वर्ष पर आयोजित विशेष अभिवाचन प्रस्तुति कार्यक्रम में भाग लेंगे।

राज्य स्तरीय समारोह में हुआ 30 से अधिक महिला प्रतिभाओं का सम्मान, 'नेक्सस' का छठा संस्करण संपन्न

सकारात्मक व सही दिशा में निर्णय लेने से मिलेगी सफलता: नित्या

जोधपुर, 7 मार्च (पंजाब केसरी): अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 'नेक्सस' की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह का छठा संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया और गोयल एस.के.जी. कैंसर अस्पताल के सहयोग से बासनी द्वितीय चरण स्थित लघु उद्योग भारती सभागार में आयोजित समारोह में आसमान की ऊंचाइयों से लेकर समुद्र की गहराइयों तक अपनी काबिलियत का लोहा मनवाने वाली 30 से अधिक नारी शक्तियों को सम्मानित किया गया।

अपने अंदर की आध्यात्मिक शक्ति को जागृत करने की आवश्यकता: शैफाली

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुलिस उपायुक्त (पूर्व) पी.डी. नित्या ने कहा कि संघर्ष और समस्या से घबराना नहीं चाहिए। सकारात्मक और सही दिशा में निर्णय लेने से सफलता संभव है। नागौरी गेट थानाधिकारी शेफाली सांखला ने कहा कि महिलाओं को अपने अंदर की अध्यात्म चेतना को जागृत करनी चाहिए, ताकि समय आने पर प्रतिकूल परिस्थितियों का साहसपूर्वक से सामना कर सके।

विशिष्ट अतिथि के रूप में गोयल हॉस्पिटल के डॉ. आनंद गोयल, डॉ. गुलाम अली कामदार, बच्छराज यूनिफॉर्म की पूजा जैन, संदीप टाइल्स के दीपक शर्मा, डिपिज के अभिषेक त्रिवेदी, केमिकल एंड मिनरल इंडस्ट्रीज के राहुल सिंघवी, अंश बैटरीज के योगेश सहगल, संजय स्टूडियो के अशोक कनौजिया और हिमावन स्टूडियो के मुकुल गोयल उपस्थित थे।

इनका हुआ सम्मान

समारोह में पुलिस निरीक्षक शेफाली सांखला, रेलवे थानाधिकारी मुक्ता पारीक और महिला थानाधिकारी दीप्ति गोरा सहित शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में प्रो. (डॉ.) मीना बारडिया, प्रगति गुप्ता, डॉ. नम्रता मिश्रा, प्रो. (डॉ.) रितु जौहरी व लवजोत दीक्षित, चिकित्सा, स्वास्थ्य और फिटनेस में डॉ. पूजा राजपुरोहित, मंजरी चौहान व अंजना कौर, कला, संगीत और संस्कृति में भव्या गौड़, डॉ. स्वाति शर्मा, पुलोमा दास जोशी व टैरो कोच सौम्या सिंह तथा समाजसेवा और कम्युनिटी लीडरशिप में तमन्ना भाटी, मधु समदानी, राजश्री चौधरी, डॉ. विभा भूत और निरुपा पटवा का सम्मान किया गया। इसी प्रकार आर्किटेक्चर, डिज़ाइन और उद्यमिता में मीनाक्षी मारवाल, मोना हरवानी, ज़ोहरा मुकदम, आंचल अग्रवाल , भूमिका चौधरी, कावेरी बजाज, विनीता मेहता और श्वेता सोलंकी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में नेक्सस की संस्थापक कुमुद श्रोत्रिय ने आभार जताया। उल्लेखनीय है कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में काम कर रहे इस मंच द्वारा अब तक 250 से अधिक महिला प्रतिभाओं को सम्मानित किया जा चुका है ।

लोढ़ा के साथ वाडाखेड़ा अभ्यारण्य जाने वाले तीन वनकर्मी एपीओ

शिवगंज, 7 मार्च (पंजाब केसरी): दो दिन पहले पूर्व विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री के सलाहकार रहे संयम लोढ़ा के साथ वाडाखेड़ा वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र के दौरे पर गए तीन वन कार्मिकों को प्रधान मुख्य वन संरक्षक की ओर से विभागीय कार्रवाई करते हुए एपीओ कर दिया गया है।

वन विभाग की इस कार्रवाई के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। लोढ़ा ने इस कदम को भाजपा नेताओं की खींज बताते हुए कहा कि तीनों कार्मिक अपने लोक कर्तव्य का निर्वहन कर रहे थे, ऐसे में उनके खिलाफ की गई कार्रवाई उचित नहीं है। इस मामले को लेकर अब पूर्व विधायक लोढ़ा ने वन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार से बात कर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत करवा निर्दोष कार्मिकों के एपीओ आदेश निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत बताते हुए कहा कि इन कर्मचारियों का दोष सिर्फ इतना था कि वे अपने लोक कर्तव्य का पालन कर रहे थे। लोढ़ा ने अब वन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को मामला संज्ञान में लाते हुए इन कार्मिकों के एपीओ आदेश को निरस्त करने की मांग की है।

144 साल बाद पहली बार किले से बाहर आई महामारी से बचाने वाली चादर

जैसलमेर, 7 मार्च (पंजाब केसरी): जैसलमेर में पहली बार हो रहे चादर महोत्सव में आज श्रद्धालुओं ने जैन संत दादा जिनदत्त सूरी महाराज के 872 साल पुराने वस्त्रों के दर्शन किए। करीब 144 साल बाद पहली बार ये वस्त्र बाहर लोगों के दर्शन के लिए आए हैं। इन वस्त्रों का मानसरोवर के पवित्र जल से अभिषेक किया गया। अभिषेक और पूजा के लिए बोली लगाई गई। फलोदी के रहने वाले रविंद्र कुमार ने 74 लाख की बोली लगाई गई है। वहीं पूजा के लिए भी 21 और 11 लाख की दो बोली लगाई गई।

इसे लेकर शनिवार को जैसलमेर के सोना किले से शोभायात्रा निकाली गई। यहां से ये शोभायात्रा गढ़ीसर लेकर पहुंची और यहां से देदांसर ग्राउंड में। इससे पूर्व महाराष्ट्र सरकार में मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने वरघोड़ा

दर्शनों के लिए उमड़ा जन सैलाब, मानसरोवर के पवित्र जल से हुआ अभिषेक, 74 लाख की लगाई बोली

को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान ड्रोन से फूलों की बारिश की गई। सोनार किले से विंटेज कार में चादर को देदांसर ग्राउंड पर लेकर आए थे। आयोजन स्थल पर पानी के जहाज की तरह रथ बनाया गया, जिसमें चादर को दर्शन के लिए रखा गया।

शोभायात्रा के रूप में निकला यह वरघोड़ा पवित्र चादर को लेकर महोत्सव स्थल पहुंचा। महोत्सव स्थल पर परंपरानुसार चादर का विधिवत अभिषेक किया जाएगा। वहीं देश-विदेश से जुड़े श्रद्धालुओं की सहभागिता से दादागुरु इकतीसा के 1 करोड़ 8 लाख सामूहिक पाठ करेंगे।

इसलिए हो रहा है आयोजन

जैसलमेर जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र सिंह भंसाली ने बताया कि इतिहास के अनुसार, विक्रम संवत 1211 में जब अजमेर में दादा गुरुदेव का स्वर्गवास हुआ, तब उनके अंतिम संस्कार की अग्नि में उनका शरीर तो विलीन हो गया, लेकिन उनके वस्त्र पूरी तरह सुरक्षित रहे। ये वस्त्र बाद में गुजरात के पाटन पहुंचे। जब लगभग 145 साल पहले जैसलमेर में भयंकर महामारी फैली थी। तब यहां के राजा (महारावल) ने इन पवित्र वस्त्रों को पाटन से जैसलमेर मंगवाया था। माना जाता है कि इन वस्त्रों के आते ही जैसलमेर महामारी से मुक्त हो गया था। तब से ये वस्त्र जैसलमेर के 'ज्ञान भंडार' में सुरक्षित रखे हुए हैं।

महिला सशक्तिकरण और सेवा की मिसाल- डॉ. भारती देसाई

आबू रोड, 7 मार्च (पंजाब केसरी): आठ मार्च को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज में प्रेरणादायक कार्य कर रही महिलाओं को विशेष रूप से याद किया जाता है।

ऐसी ही एक प्रेरक शख्सियत हैं माधव विश्वविद्यालय के होम्योपैथिक विभाग की निदेशक तथा टीवीटीसीसी और टीपीसी की निदेशक डॉ. भारती देसाई, जो शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और समाजसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

डॉ. भारती देसाई ने वर्ष 2018 में माधव विश्वविद्यालय में होम्योपैथिक चिकित्सा की पढ़ाई के लिए प्रवेश लिया था। अध्ययन के दौरान उन्होंने निरंतर मेहनत, अनुशासन और सेवा भाव के साथ अपनी पढ़ाई पूरी की और वर्ष 2024 में होम्योपैथिक चिकित्सा की डिग्री प्राप्त कर विश्वविद्यालय से पास आउट हुईं। अपनी लगन और कार्यक्षमता के कारण आज वे विश्वविद्यालय के होम्योपैथिक विभाग की निदेशक के रूप में जिम्मेदारी संभाल रही हैं। उनके निर्देशन में माधव विश्वविद्यालय में होम्योपैथिक चिकित्सा से जुड़े कई नए कार्य और पहल शुरू किए जा रहे हैं, जिनका लाभ विद्यार्थियों के साथ-साथ आम लोगों को भी मिल रहा है। वे छात्रों को बेहतर शिक्षा और व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयासों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। डॉ. भारती देसाई समाजसेवा के क्षेत्र में भी लगातार सक्रिय हैं। वे समय-समय पर स्वास्थ्य जागरूकता और सेवा से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को होम्योपैथिक चिकित्सा के प्रति जागरूक कर रही हैं। इसके साथ ही वे महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी निरंतर कार्य कर रही हैं।

डिस्टर्ब एरिया बिल से अल्पसंख्यकों को मिलेगा संरक्षण: राठौड़

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने निकाय चुनावों को लेकर कहा- कोर्ट के आदेशों की करवाएंगे पालना

जोधपुर, 7 मार्च (पंजाब केसरी): भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने विधानसभा में लाए गए डिस्टर्ब एरिया बिल को लेकर कहा कि इस बिल की बहुत जरूरत थी। इससे अल्पसंख्यकों को संरक्षण मिलेगा। यह बात उन्होंने यहां जोधपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि जहां सामाजिक संतुलन नहीं है और ऐसे क्षेत्र जहां हमारे लोग कम संख्या में है। वहां कई लोगों के मन में रहता है कि इनसे खाली करवाना है। वो हमारे लोगों के परिवार को तंग करना, बच्चियों को छेडऩा आदि हरकतें करते हैं। ऐसे में तंग आकर व्यक्ति कम दाम में मकान बेचकर जाते हैं। ऐसी स्थिति नहीं बने इसलिए यह बिल लाया गया है। इससे उन्हें कोई प्रताड़ित नहीं करेगा। हम वहां सुरक्षा करेंगे, पुलिस चौकियां लगाएंगे। ताकि वहां ऐसी किसी भी प्रकार की प्रताडऩा की स्थिति नहीं बने। डिस्टर्ब एरिया बिल के विरोध में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और डोटासरा को लेकर कहा कि ये बिल केवल उन लोगों को संरक्षण देने का काम है, जो लोग वहां पर अल्पसंख्यक हो गए हैं। अल्पसंख्यक को प्रताड़ित करना ठीक नहीं है। इसलिए वहां पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करेंगे। इसलिए उन्हें विरोध नहीं करना चाहिए। निकाय चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कोर्ट के आदेशों की पालना करेगी।

स्पा सेंटर में बैठे पुलिस वाहन के निजी चालक के खिलाफ केस दर्ज

खुद को पुलिसकर्मी बताया, पुलिस की छवि धूमिल करने पर जांच आरंभ

जोधपुर, 7 मार्च (पंजाब केसरी): शहर में दो दिन पहले उदयमंदिर क्षेत्र के एक स्पा सेंटर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें बैठे एक शख्स ने खुद को पुलिस कर्मी बताया था। उसके पास में तीन युवतियां भी बैठी थी जोकि अभद्र भाषा का इस्तेमाल रही थी। वीडियो पुलिस के संज्ञान में आने पर स्पा सेंटर पर बैठे शख्स का पता लगाया तो मालूम हुआ कि वह शख्स पुलिस की गाड़ी 112 का चालक है जोकि प्राइवेट कंपनी का चालक है। पुलिस की छवि खराब करने की कोशिश किए जाने पर अब उसके खिलाफ खुद थानाधिकारी सीतराम की तरफ से केस दर्ज कराया गया है। फिलहाल उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है। उसे गाड़ी से हटाने के लिए कंपनी को भी लिखा गया है।

थानाधिकारी सीताराम खोजा ने बताया कि दो-तीन दिन पहले सोशल मीडिया पर स्पा सेंटर का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें एक शख्स ने खुद को पुलिसकर्मी बताया था। स्पा सेंटर में युवतियां भी बैठी थी। खुद को पुलिस कर्मी बताने वाले का पता किया तो मालूम हुआ कि वह शख्स पुलिस की गाड़ी 112 का चालक है जोकि निजी कंपनी की तरफ से लगाया था। उसकी पहचान अब फलोदी जिले के नोख निवासी वासुदेव के रूप में की गई है। उस पर पुलिस की छवि को धूमिल किए जाने का आरोप लगा है जिस पर केस दर्ज किया गया है। इस स्पा सेंटर का संचालन कौन करता है, इसकी भी पुलिस की तरफ से जांच की जा रही है।

विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट में जोधपुर की दो बालिकाओं का चयन

जोधपुर, 7 मार्च (पंजाब केसरी): विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट–2026 के लिए जोधपुर जिले की दो प्रतिभाशाली छात्राओं का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। राज्य विधानसभा में आयोजित प्रतियोगिता में जोधपुर की प्रतिभागी दर्शना राजपुरोहित ने प्रथम तथा राजबाला ने तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। अब दोनों प्रतिभागी भारतीय संसद, नई दिल्ली में आयोजित होने वाली यूथ पार्लियामेंट में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी। विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के अंतर्गत जोधपुर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महाविद्यालय जोधपुर द्वारा किया गया था। इस प्रतियोगिता में चयनित पांच श्रेष्ठ प्रतिभागियों में से दर्शना राजपुरोहित और राजबाला ने राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्रमश: प्रथम और तृतीय स्थान हासिल किया। दर्शना राजपुरोहित जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विषय में स्नातकोत्तर की छात्रा हैं। वहीं राजबाला इतिहास (ऑनर्स) की छात्रा हैं।

आईएएस में चयनित अनिता देवड़ा का किया सम्मान

जोधपुर, 7 मार्च (पंजाब केसरी): माली सैनी महिला मंडल जोधपुर की ओर से भोपालगढ़ निवासी और हाल ही में यूपीएससी एग्जाम में चयनित हुई अनिता देवड़ा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की पदाधिकारियों ने उन्हें माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया तथा संत लिखमीदास की तस्वीर भेंट की।

कार्यक्रम में माली सैनी महासभा की अध्यक्ष डॉ. अनीता परिहार, महामंत्री मनमीत सोलंकी, उपाध्यक्ष नीतू गहलोत, किरण गहलोत और रेखा वर्मा सहित अन्य सदस्यों ने अनिता देवड़ा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान अनिता देवड़ा के परिवार के सदस्य पिता श्यामलाल देवड़ा, माता धनु देवड़ा, भाई नितेश देवड़ा और दादी मोहिनी देवड़ा भी उपस्थित रहे। भोपालगढ़ से सुनीता सैनी, ममता भाटी, पुखराज गहलोत, ललिता गहलोत और मानिच्छा भाटी भी समारोह में मौजूद रहे।

Classified Ads

नाम-परिवर्तन

I, Sakuntala Tiwari Mother of 14930782H Rank HAV Name Subhash Tiwari R/o Village Delhi, PO. Delhi Mangawan, Teh. Mangawan, District Rewa (M.P). Have changed my Name from Sakuntala Tiwari to Sakuntla Tiwari and DOB from 28.03.1958 to 01.01.1953 vide Affidavit No. BY 876286 Dated 02.02.2026 before madhya pradesh High court Rewa.

I have changed my name from Saurabh Raj Parihar to Saurabh Parihar. In future i shall be known as Saurabh Parihar S/o Narendra Parihar, R/o 21/5 chopasani housing board, jodhpur for all purposes

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.) 345001

क्रमांक/भूमि/2025-26/3448 दिनांक 06/03/2026

-: प्रसारित नोटिस उजरदारी :-

श्री खंगार खां पुत्र श्री राणा खां जाति मुसलमान निवासी ग्राम निम्बा तहसील व जिला जैसलमेर द्वारा एक आवेदन-पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या आई-96 साईज 20 गुणा 45 फीट कुल 900 वर्गफीट वाके लक्ष्मीचन्द सांवल आवासीय योजना, जैसलमेर जो की श्री कमलकिशोर पुत्र श्री नारायणदास जाति सोनी निवासी कल्लू की हटों मोची पाड़ा, जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री खंगार खां पुत्र श्री राणा खां जाति मुसलमान निवासी ग्राम निम्बा तहसील व जिला जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना करवाना चाहते है। अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

आयुक्त, नगर परिषद, जैसलमेर

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.) 345001

क्रमांक/भूमि/2025-26/3449 दिनांक 06/03/2026

-: प्रसारित नोटिस उजरदारी :-

श्रीमती पूर्वी भाटिया पत्नी श्री तंरग भाटिया जाति भाटिया निवासी बिस्सा पाड़ा, जैसलमेर द्वारा एक आवेदन-पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या ए-253 साईज 12 X 21 = 252 वर्गमीटर वाके गोवर्द्धनदास कल्ला आवासीय योजना, जैसलमेर जो की श्री रफीक खान पुत्र श्री कासम खान जाति मुसलमान निवासी डिब्बा पाड़ा, जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती पूर्वी भाटिया पत्नी श्री तंरग भाटिया जाति भाटिया निवासी बिस्सा पाड़ा, जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना करवाना चाहते है। अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

आयुक्त, नगर परिषद, जैसलमेर

आवश्यक सूचना

पंजाब केसरी में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों के संबंध में हमारा कोई दायित्व नहीं है। हम इनके दावों को सत्यापित नहीं करते। अत: पाठक इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.) 345001

क्रमांक/भूमि/2025-26/3442 **-: आपत्ति आमंत्रण सूचना :-** दिनांक 06/03/2026

एतद् द्वारा नगर परिषद्, जैसलमेर के क्षेत्र मास्टर प्लान 2031 में प्रस्तावित भू-उपयोग से भिन्न हेतु आवासीय भूखण्ड का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ परिवर्तन हेतु आवेदन श्री मौहम्मद नासीर शेख पुत्र श्री मुस्ताक अहमद निवासी भागू का गांव तह व जिला जैसलमेर से प्राप्त हुआ है जिसमे भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है, जिसका विवरण निम्न अनुसार सामने अंकित है। अत: इस बाबत किसी व्यक्ति, सरकारी अर्द्धसरकारी संस्था, निगम बोर्ड इत्यादि को अंशत: अथवा पूर्णत: किसी प्रकार की आपति हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के साथ सूचना जारी होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर तथ्यात्मक दस्तावेज के साथ अपनी लिखित आपति प्रस्तुत करें। बाद म्याद समाप्ति कोई एतराज नही माना जावेगा एवं नियमानुसार भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही की जायेगी।

क्र.सं.	भूखण्ड संख्या	स्थल	क्षेत्रफल	मास्टर प्लान अनुसार उपयोग	चाहा गया अनुसार उपयोग
1	A-169	लक्ष्मीचन्द सांवल आवासीय योजना जैसलमेर	35 गुणा 70 कुल 2450 वर्गफीट	आवासीय	वाणिज्यिक

आयुक्त, नगर परिषद, जैसलमेर

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा (824400) (ARMB)
जयपुर- 302015 ई-मेल: cs8244@pnb.co.in

अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री नोटिस। सर्व-साधारण को और विशेष रूप से ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो कि/प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का बंधक/जमानतदार/बंधककर्ता/सांविधिक ऋण से बैंक- प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" पद्धति से नीचे दी गई तारीख को उल्लेखित डिपो को सहित ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता से बैंक- प्रतिभूत लेनदार की बकाये ऋण राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। अनुसूचित मूल्य, अग्रिम राशि (अर्नेस्ट राशि) संबंधित सम्पत्ति के आगे नीचे दी गई तालिका में वर्णित है।

लोट सं.	शाखा कार्यालय / खाते का नाम / ऋणी/जमानतदार का नाम व पता	बंधक सम्पत्ति का विवरण/ मालिक का नाम (बंधककर्ता की संपत्ति)	(ए) सर्फेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत मांगित की दिनांक (बी) बकाया ऋण राशि दिनांक तक (सी) सर्फेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अन्तर्गत कब्जे की दिनांक (डी) कब्जे का प्रकार प्राधिकारक/भौतिक/सांकेतिक	(ए) आरक्षित मूल्य (बाकी शाखा में) (बी) धरोहर राशि (ईएमडी जमा की) दिनांक व समय (सी) बोली वृद्धि राशि (डी) निरीक्षण की दिनांक एवं समय	ई-नीलामी की दिनांक एवं समय	प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात भार का विवरण
1.	शाखा कार्यालय: पाल रोड जोधपुर मे घोषित मैसर्स श्री राधे माई लाइन पेंट के मिलकत प्रोप. श्री मोहन लखोटिया पुत्र श्री मधुसूदन लखोटिया और श्री मधुसूदन लखोटिया, मैसर्स श्री राधे माई लाइन पेंट केमिकल्स प्रोप.: श्री मोहन लखोटिया पुत्र श्री मधुसूदन लखोटिया और रामेश- श्री मधुसूदन लखोटिया; पता: -प्रोप.: मैसर्स श्री राधे माई लाइन पेंट केमिकल्स; खसरा नंबर 78/21 गांव बोरुंदा, तहसील, पीपाड़ सिटी, जिला जोधपुर 342604	श्री सौरभ लखोटिया पुत्र श्री मधुसूदन लखोटिया के नाम से औद्योगिक परिवर्तित भूमि के सभी अंश व हिस्से जिसमें रद्द कवर्ड, इरेक्शनस, इंस्टालेशन्स आदि जो खसरा नंबर 78/21 (पुराना खसरा नंबर 78/2/1), खसरा नंबर 78/22 (पुराना खसरा नंबर 78/2/2), खसरा नंबर 78/3/1 और खसरा नंबर 78/3 गांव बोरुंदा, तहसील, पीपाड़ सिटी, जिला जोधपुर में स्थित है। (कुल रक्बा खसरा का क्षेत्रफल 2 बीघा, 19 बिस्वा एवं 10 बिस्वांसी अर्थात् 0.4773 हैक्टेयर)	ए) 29-04-2024 बी) रुपये 1,72,06,546.85 28.02.2026 तक बकाया + ब्याज एवं खर्चे पूर्ण भुगतान होने तक) सी) 11.07.2024 डी) भौतिक कब्जा	ए) रु. 96.30 लाख बी) रु. 9.63 लाख (ईएमडी जमा (26-03-2026) को सा 11.59 बजे तक) सी) रु.1.00 लाख डी) 23-03-2026 प्रातः 11.00 बजे से प्रातः 04.00 बजे तक	27-03-2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 04.00 बजे तक	प्रश्न नहीं
2.	शाखा कार्यालय: पीपाड़ सिटी मैसर्स मेरुज लाइन इंडस्ट्रीज (प्रोप. निरंजन कंवर सन्नी विक्रम सिंह) मैसर्स मेरुज लाइन इंडस्ट्रीज (प्रोप. निरंजन कंवर सन्नी विक्रम सिंह) पता:- मालवा केमिकल गोदाराम के सामने गांव- बजरी गांव-342601 तहसील-पीपाड़ सिटी जोधपुर	निरंजन कंवर सन्नी विक्रम सिंह की सम्पत्ति के सभी अंश व हिस्से जो खसरा नंबर 724/104, मालवा केमिकल गोदाराम के सामने, ग्राम बजरीगांव, तहसील जिलाड़ा, जिला जोधपुर, राजस्थान में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 4856.22 वर्गमीटर है।	ए) 18-07-2016 बी) रुपये 68,62,021.87 दिनांक 28-02-2026 तक बकाया + ब्याज एवं खर्चे पूर्ण भुगतान होने तक) सी) 27-10-2016 डी) भौतिक कब्जा	ए) रु. 9.50 लाख बी) रु.0.95 लाख (ईएमडी जमा (26-03-2026) को सा 11.59 बजे तक) सी) रु.10,000/- डी) 23-03-2026 प्रातः 11.00 बजे से प्रातः 04.00 बजे तक	27-03-2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 04.00 बजे तक	प्रश्न नहीं

शर्तें व निबन्धन– बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के निम्नलिखित शर्तों और निबन्धनों से प्रशासित होगी। 1. सम्पत्ति को "जो जहाँ है, जो जैसा है, और जो कुछ भी है" के रूप में यहां सम्पत्तियों के सलाना बेचा जाएगा। 2. इस अनुसूची में विनिर्दिष्ट सुरक्षित राशियों के विवरण को प्रतिभूत अधिकारी को प्राप्त पूरी जानकारी के अनुसार ही प्रतिभूत आस्तियों को कम किया गई तारीखों के अनुसार बेचा जाएगा, लेकिन प्रतिभूत अधिकारी इस यथार्थता में किसी त्रुटि, गलत कथन या चूक के लिए